उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव, 2022

चर्चा में क्यों?

10 मार्च, 2022 को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग ने राज्य की 403 सीटों पर चुनाव परिणाम घोषित कर दिये, जिनमें भारतीय जनता पार्टी ने अपने सहयोगियों के साथ 273 सीटों पर जीत दर्ज कर पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया है।

प्रमुख बिंदु

- चुनाव आयोग के मुताबिक, प्रदेश की सभी 403 सीटों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 255 सीटों पर जीत दर्ज की है। इसके अलावा, भाजपा के सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) ने 12 सीटों पर तथा निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद) ने 6 सीटों पर जीत हासिल की है।
- राज्य की मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) ने 111 सीटों पर जीत दर्ज कर दूसरे स्थान पर रही। सपा के सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल ने 8 और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने 6 सीटों पर जीत दर्ज की।
- राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) ने 8 तथा सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने 6 सीटों पर जीत दर्ज की। 2 सीटें जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के खाते में गईं।
- कॉन्ग्रेस दो सीटें ही जीत पाई है, जबकि कभी उत्तर प्रदेश की एक बड़ी सियासी ताकत रही बहुजन समाज पार्टी (बसपा) मात्र एक सीट पर ही जीत हासिल कर सकी।
- इस बार उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में 4,442 उम्मीदवार मैदान में थे। इनमें 560 महिलाएँ थीं। इनमें से 33 महिला उम्मीदवार जीत का परचम लहराने में सफल रहीं। सबसे अधिक 25 महिलाएँ भारतीय जनता पार्टी से जीतीं। वहीं, समाजवादी पार्टी की 6 और कॉन्ग्रेस की एक महिला प्रत्याशी जीती। 2017 में 38 महिला प्रत्याशियों ने जीत हासिल की थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-assembly-elections-2022